1. 14 सितम्बर 2018 से 30 सितम्बर 2018 तक हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया. पखवाड़े के पहले दिन अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक ने समस्त कर्मचारियों को ई-मेल द्वारा हिन्दी दिवस संदेश का प्रसारण.

2. 18 सितम्बर, 2018 को हिन्दी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन. 16 कर्मचारियों को पुरस्कृत किया.

3. 21 सितम्बर, 2018 को हिन्दी टिप्पण एवं प्रारुप-लेखन प्रतियोगिता का आयोजन. 13 कर्मचारियों को पुरस्कृत किया.

4. 26 सितम्बर, 2018 को अर्ध दिवसीय हिन्दी कम्प्यूटर विशेष प्रशिक्षण सत्र का संचालन.

5. वर्ष 2018 के दौरान हिन्दी पत्राचार प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत **11** (ग्यारह) अधिकारियों को पुरस्कार प्रदान किया गया.

6. 12 कर्मचारियों को डेस्क-टू-डेस्क हिन्दी टाइपिंग प्रशिक्षण दिया गया.

7. गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण समारोह का आयोजन हिन्दी में किया गया तथा इस अवसर पर गृहपत्रिका **"एससीआई संदेश"** का विमोचन किया गया.

8. दिनांक 14 से 20 अप्रैल, 2018 तक **"अग्निशमन सेवा सप्ताह"** का किया गया. इस सप्ताह में निबंध-लेखन एवं नारा-लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था. इन प्रतियोगिताओं में मराठी, हिन्दी और अंग्रेजी का विकल्प रखा गया था.

9. दिनांक 21-06-2018 को तीसरे **"अंतरराष्ट्रीय योग दिवस"** पर कार्यशाला का आयोजन हिन्दी भाषा में किया गया.

10. बिज़नेस स्टैंडर्ड के सहयोग से हिन्दी तीव्र लेखन प्रतियोगिता, लिखित वित्तीय प्रतियोगिता, अनुवाद प्रतियोगता और आशुभाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. इन प्रतियोगिता में कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किए गए.

11. 15 अगस्त, 2018 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण समारोह का हिन्दी अंग्रेजी की मिलीजुली भाषा में संचालन.

12. 17 सितम्बर, 2018 से 2 अक्तूबर, 2018 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया. इस दौरान एससीआई के सभी कार्यालयों में स्वच्छता शपथ मराठी, हिन्दी और अंग्रेजी भाषाओं में दिलाई गई. इस पखवाड़े के दौरान कर्मचारियों द्वारा श्रमदान जैसी विभिन्न कार्ययोजनाएं, नारा-लेखन प्रतियोगिता, निबंध-लेखन प्रतियोगिता, वृक्षारोपण, जहाजों पर सफाई अभियान और जागरुकता अभियान का संचालन मराठी, हिन्दी और अंग्रेजी की मिली-जुली भाषा में किया गया.

13. दिनांक 29 अक्तूबर से 3 नवम्बर, 2018 तक सतर्कता जागरुकता सप्ताह मनाया गया. इस दौरान सभी कर्मचारियों को सतर्कता शपथ दिलाई गई. "भ्रष्टाचार का निर्मूलन - नव भारत का निर्माण" विषय पर निबंध-लेखन प्रतियोगिता, इंटरएक्टिव-प्रश्नोत्तरी, प्रतिभा प्रदर्शन कार्यक्रम, नारा-लेखन और कार्टून प्रतियोगिताओं का आयोजन. संचालन हिन्दी-अंग्रेजी भाषा में किया गया. नारा-लेखन और निबंध लेखन के लिए मराठी-हिन्दी-अंग्रेजी विकल्प रखा गया.

14. 2 अक्तूबर, 2018 को भाषाई सौहार्द दिवस और स्थापना दिवस समारोह मनाया गया. इस समारोह में एससीआई कर्मचारियों द्‌वारा **विभिन्न भारतीय भाषाओं में** सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई.

15. 31-10-2018 को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया. सभी कर्मचारियों को त्रिभाषा (मराठी-हिन्दी-अंग्रेजी) में शपथ दिलाई गई और नारा-लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.

16. दिनांक 19 से 25 नवम्बर, 2018 तक सांप्रदायिक सौहार्द्र अभियान सप्ताह मनाया गया. सभी कर्मचारियों को सांप्रदायिक सौहार्द्र शपथ त्रिभाषा (मराठी-हिन्दी-अंग्रेजी) में दिलाई गई.

17. 5 दिसम्बर 2018 को डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर का 63वां महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि मिश्रित भाषाओं में अर्पित की.